आकाशवाणी केन्द्र शिमला

16.08.2024 / प्रादेशिक समाचार / 18:00 बजे

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने अधिकारियों को अधूरी परियोजनाओं के कार्यों में तेजी लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने आज कांगड़ा ज़िले के देहरा विधानसभा क्षेत्र में विभिन्न विकास कार्यों के लिए भूमि का निरिक्षण किया और विकास परियोजनाओं की समीक्षा की। मुख्यमंत्री ने देहरा में खोले गए नए पुलिस अधीक्षक कार्यालय के अलावा अन्य कार्यालय स्थापित करने के लिए ज़िला प्रशासन को जल्द भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिए। उन्होंने देहरा में विभिन्न स्कूलों का दौरा भी किया और बच्चों के साथ बातचीत की। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि देहरा कॉलेज का नया भवन बनाया जाएगा और अधूरे भवनों के कार्य को पूरा करने के लिए 7 करोड़ रुपये दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस वर्ष के अंत में देहरा उत्सव भी मनाया जाएगा जिससे क्षेत्र में पर्यटन व लोक संस्कृति को बढ़ावा मिलेगा। मुख्यमंत्री ने बताया कि देहरा व ज्वालामुखी में बिजली की तारे भूमिगत की जाएंगी और इसके लिए पर्याप्त धनराशि उपलब्ध करवायी जाएगी। उन्होंने कहा कि ज्वालामुखी विधानसभा क्षेत्र के खूंडियां और जस्वां–परागपुर के डाडासिबा में नए बस अड्डे बनाए जाएंगे।

स्वामित्व योजना

इस बीच मुख्यमंत्री ने आज हमीरपुर के दोसड़का पुलिस मैदान में राजस्व विभाग की स्वामित्व योजना का शुभारम्भ किया। इस मौके पर उन्होंने 11 तहसीलों के एक सौ 10 पात्र परिवारों को संपत्ति कार्ड वितरित किए। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने बताया कि भू–राजस्व मैनुअल में राज्य सरकार बदलाव की तैयारी कर रही है और पहले चरण में एक सौ 90 गांवों के चार हजार दो सौ से अधिक परिवारों को संपत्ति कार्ड प्रदान किए जाएंगे। इस योजना का उदे्श्य गांव के आबादी देह रकवा में भूमि मालिकों के कब्जे वाली भूमि का उन्हें स्वामित्व कार्ड उपलब्ध करवाना है जिससे लोगों को बड़ी सुविधा मिलेगी। मुख्यमंत्री ने बताया कि इस योजना को धरातल पर लागू करने के लिए ड्रोन से मार्किंग की गई और प्रदेश के 15 हजार एक सौ 96 गांवों में से अभी तक 13 हजार 5 सौ 99 आबादी देह गांवों में ड्रोन मार्किंग का कार्य पूरा कर लिया गया है। सुखविंदर सिंह सुक्खू ने कहा कि लैंड रेवन्यू कोर्ड में बदलाव लाया गया है और पिछले 6 महीने में एक लाख 57 हजार इंतकाल किए गए हैं। इससे पहले

मुख्यमंत्री ने पक्का भरो में कर व आबकारी विभाग की लगभग 2 करोड़ रुपये से बनने वाली कॉलोनी और 5 करोड़ 59 लाख रुपये से निर्मित होने वाली टाउन भराड़ी–नंधन–प्लासी सड़क का शिलान्यास भी किया।

पुण्यतिथि

आज पूर्व प्रधानमंत्री व भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की छठी पुण्यतिथि है। इस मौके पर देश व प्रदेश में कई कार्यक्रम आयोजित कर वाजपेयी जी को श्रद्धांजलि दी गई। नई दिल्ली में अटल बिहारी वाजपेयी की समाधि सदैव अटल पर प्रार्थना सभा का आयोजन किया गया, जिसमें राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू, उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पुष्पांजलि अर्पित कर श्रद्धाजंलि दी। इधर शिमला के ऐतिहासिक रिज मैदान पर राज्यपाल शिव प्रताप शुक्ल, उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री, पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर और अन्य नेताओं ने अटल बिहारी वाजपेयी की प्रतिमा पर पुष्पाजंलि अर्पित की। राज्यपाल ने कहा कि अटल बिहारी वाजपेयी एक महान नेता व प्रखर नेता थे और उन्होंने जीवन पर्यन्त मूल्य आधारित राजनीति की। उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि भारतीय राजनीति में अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को नहीं भुलाया जा सकता। इस मौके पर विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर ने कहा कि देश के विकास में अटल बिहारी वाजपेयी के योगदान को कभी नहीं भुलाया जा सकता। उन्होंने कहा कि कारगिल युद्ध में वाजपेयी जी के नेतृत्व में जीत हासिल हुई थी और उन्हीं के कार्यकाल में सफल परवाणु परीक्षण करवाया गया था।

रोहित ठाकुर

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने कहा है कि राज्य के दूरदराज के क्षेत्रों मे अध्यापकों के खाली पदों को भरना सरकार की प्राथमिकता है और जल्द ही प्रदेश के स्कूलों में 5 सौ 85 प्रवक्ताओं की भर्ती कर इनकी तैनाती दूरदराज के क्षेत्रों में होगी। उन्होंने आज राजकीय महाविद्यालय चंबा में विभिन्न महाविद्यालयों और स्कूलों के प्रभारियों के साथ बैठक कर शिक्षा व्यवस्था को सुदृढ़ करने को लेकर व्यापक चर्चा की। शिक्षा मंत्री ने कहा कि वर्तमान राज्य सरकार ने अपने कार्यकाल के पहले ही वर्ष में शिक्षा विभाग में 7 हजार से अधिक पद भरने को मंजूरी दी है और पहले चरण में दो हजार 3 सौ जेबीटी व टीजीटी अध्यापकों की बैच वाईज नियुक्तियां शुरू हो गई हैं। रोहित ठाकुर ने बताया कि 2 हजार 8 सौ टीजीटी

अध्यापकों की सीधी भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि राज्य में शिक्षा ढांचे को सुदृढ़ किया जा रहा है और विभाग में सभी कार्यशील पद भरे जा रहे हैं।

अनिरूद्ध सिंह

ग्रामीण विकास व पंचायती राज मंत्री अनिरूद्ध सिंह ने कहा है कि मनरेगा कार्यों के लिए पंचायतों को समूचित बजट प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने सोलन ज़िले के नालागढ़ में अनेक विकास कार्यों के उद्घाटन व शिलान्यास किए। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि अब प्रदेश में नए पंचायत भवन एक ही नक्शे से बनेंगे और इसके लिए एक करोड़ रुपये से अधिक प्रावधान किया जा रहा है। अनिरूद्ध सिंह ने कहा कि प्रदेश में मनरेगा के तहत बेहतर कार्य हो रहा है और सभी औपचारिकताएं पूरी करने के बाद एक हजार 2 सौ करोड़ रुपये के मनरेगा कार्य किए गए हैं।